# समाहरणालय, मुंगेर
(जिला प्रोग्राम कार्यालय)

पत्रांक– 34 /जि0प्रो0, दिनांक– 29/2/24

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,

मुंगेर।

सेवा में,

निदेशक,

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,

बिहार पटना।

विषय – अनुबंध पर आधारित हब फॉर एम्पावरमेन्ट ऑफ वीमेन विभिन्न पदों पर कर्मियों के नियोजन हेतु विज्ञापन के प्रकाशन से संबंधित सूचना सामाचार पत्र में प्रकाशित कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अनुबंध पर आधारित हब फॉर एम्पावरमेन्ट ऑफ वीमेन में विभिन्न पदों पर कर्मियों के नियोजन हेतु विज्ञापन के प्रकाशन से संबेधित सूचना का प्रकाशन 02 प्रमुख दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाना है। सूचना विहित प्रपत्र में इस पत्र के साथ हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में संलग्न है।

अतः श्रीमान से अनुरोध है कि संलग्न सूचना पत्र को कम से कम दो प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में अविलम्ब प्रकाशित कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

28/2/24

जिला पदाधिकारी
मुंगेर।

ज्ञापांक 34 दिनांक 29/2/24

प्रतिलिपिः– जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः– जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी मुंगेर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।

28/2/24

जिला पदाधिकारी
मुंगेर।

# समाहरणालय, मुंगेर
(जिला प्रोग्राम कार्यालय)

पत्रांक– 34 /जि0प्रो0, दिनांक– 29/2/24

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,

मुंगेर।

सेवा में,

निदेशक,

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,

बिहार पटना।

विषय – अनुबंध पर आधारित हब फॉर एम्पावरमेन्ट ऑफ वीमेन विभिन्न पदों पर कर्मियों के नियोजन हेतु विज्ञापन के प्रकाशन से संबंधित सूचना सामाचार पत्र में प्रकाशित कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अनुबंध पर आधारित हब फॉर एम्पावरमेन्ट ऑफ वीमेन में विभिन्न पदों पर कर्मियों के नियोजन हेतु विज्ञापन के प्रकाशन से संबेधित सूचना का प्रकाशन 02 प्रमुख दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाना है। सूचना विहित प्रपत्र में इस पत्र के साथ हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी में संलग्न है।

अतः श्रीमान से अनुरोध है कि संलग्न सूचना पत्र को कम से कम दो प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में अविलम्ब प्रकाशित कराने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

28/2/24

जिला पदाधिकारी

मुंगेर।

बिहार सरकार
समाहरणालय, मुंगेर
(महिला एवं बाल विकास निगम, मुंगेर)

# हब फॉर एम्पावरमेंट वीमेन योजना अंतर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन

विज्ञापन संख्या.....03/24

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक–WCDC/2080/23 दिनांक –22.09.2023, एवं पत्रांक– WCDC /2092/23 दिनांक–27.09.2023 एवं पत्रांक के आलोक में जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन, मुंगेर के संचालन हेतु संविदा आधारित रिक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या तथा कोटि | आयु | योग्यता/अहर्ता | मूल मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला मिशन समन्वयक | 1 (अनारक्षित) | कोटिवार अनुमान्य आयु के अनुसार | शैक्षणिक योग्यता:– सामाजिक विज्ञान/लाईफ साइंसेज/पोषण/चिकित्सा / स्वास्थ्य प्रबंधन / सामाजिक कार्य/ ग्रामीण प्रबंधन में स्नात्तकोत्तर<br>अनुभव:–महिला विषयक मुद्दों एवं प्रशासनिक कार्यों में सरकारी/गैर–सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | 40,000/– |
| 2 | जेंडर स्पेशलिस्ट | 01 (अत्यंत पिछडा वर्ग) | | शैक्षणिक योग्यता:– सामाजिक कार्य / अन्य सामाजिक विषयों–समाजशास्त्र/ग्रामीण विकास/ग्रामीण प्रबंधन/LSW/मनोविज्ञान/महिला अध्ययन में स्नातक<br>अनुभव:–जेंडर केंद्रित विषयों में सरकारी /गैर सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव | 23,000/– |
| 3 | वित्तीय साक्षरता में विशेषज्ञ | 1 (अनारक्षित) | | शैक्षणिक योग्यता:– अर्थशास्त्र/वाणिज्य में स्नात्तकोत्तर<br>अनुभव:– वित्तीय साक्षरता/वित्तीय समावेशन केन्द्रित विषयों में सरकारी/ गैर–सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | 21,000/– |
| 4 | लेखा सहायक | 1 (अनारक्षित) | | शैक्षणिक योग्यता:– वाणिज्य में स्नातक, B.Com. | 16,000/– |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनुभवः—संवंधित क्षेत्र में सरकारी /गैर—सरकारी संगठन के साथ कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। | |
| 5 | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (DEO) | 1 (अनारक्षित) | | शैक्षणिक योग्यताः— कम्प्यूटर/ आईटी में स्नातक<br>अनुभवः—डाटा प्रवंधन, प्रक्रिया दस्तावेजीकरण और वेव आधारित रिपोर्टिंग प्रारूप आदि में सरकारी /गैर—सरकारी/आईटी आधारित संगठनों के साथ 3 वर्ष का अनुभव। | 13,500/— |
| 6 | एम0टी0एस0 (MTS) | 1 (अनारक्षित) | | किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 प्रणाली के तहत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण। | 12,000/— |

1. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होगें।
2. नियोजन में बिहार सरकार का अद्यतन आरक्षण नियम लागू होगें।
3. आरक्षण का लाभ केवल उन्हीं आवेदकों को मिलेगा जो बिहार का अधिवासी (Domicile) होगें।
4. उम्र सीमाः—संविदा पर नियोजन हेतु उम्र सीमा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को निम्नवत् होगी।
    - वेसिक ग्रेड के लिए 18 वर्ष तथा स्नातक ग्रेड के या अधिक के लिए 21 वर्ष न्यूनतम।
    - अनारक्षित वर्ग (पुरूष)—37 वर्ष
    - पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला)—40 वर्ष
    - अनारक्षित वर्ग (महिला)—40 वर्ष
    - अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)—42 वर्ष
5. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रायोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
6. कर्मियों को नियमानुसार मूल मानदेय के अतिरिक्त EPF तथा ESIC देय होगी।
7. संविदा के आधार पर नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियोजन की कोई दावा मान्य नहीं होगी। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति का नियोजन के पश्चात् सेवा में नियमितिकरण को कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएंगे न सरकारी सेवक के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होगें। उनका नियोजन जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेंस के अधीन होगा।
8. विभिन्न पदों पर नियोजित उम्मीदवारी की वांछित शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
9. प्रशासनिक पद हेतु यदि अभ्यर्थी कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान रखता है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी।

10. कार्य अनुभव में सरकारी विभाग/कार्यालय में कार्यानुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

11. सरकारी/ अर्ध–सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्यानुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

12. चयन प्रक्रिया, निर्धारित योग्यता रखनेवाले उम्मीदवारों में मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थी को उनके आवेदन में उल्लेखित E-mail एवं जिला के https://munger.nic.in बेबसाईट पर दी जाएगी। जिला पदाधिकारी /नोडल पदाधिकारी कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

13. मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेगें और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेगें। मानदेय के आधार पर नियोजित कर्मियों द्वारा सेवा के नियमितिकरण को कोई दावा मान्य नहीं होगा।

14. विज्ञापन एवं सेवा भर्ती से संबंधित सभी अधिकार, जिला पदाधिकारी, मुंगेर के अधीन है। जिला पदाधिकारी, मुंगेर विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते हैं।

15.. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए दिनांक–05.03.2024 से 19.03.2024 तक अपना ऑनलाईन आवेदन लिंक https://online.bih.nic.in/WCDCREC/Register.aspx पर कर सकते है। अभ्यर्थी सभी अनुलग्नक स्वअभिप्रमाणित करना सुनिश्चित करेगें। स्वअभिप्रमाणित नहीं रहने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगें। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेगे।

16. एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होगी।

17. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

18. संपूर्ण चयन प्रकिया विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में की जायेगी।

19. अभ्यर्थी, विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु https://munger.nic.in वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगें।

28/02/2024

जिला पदाधिकारी,
मुंगेर ।